OMAXE
*Turning dreams into reality*

100 MN.SQ.FT DELIVERED

**OL/SE/262/FEB 2020-21** **February 6, 2021**

| | |
|---|---|
| The Secretary<br>**BSE Limited**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers Limited<br>Dalal Street , Mumbai 400 001 | The Secretary<br>**National Stock Exchange Limited**<br>Exchange Plaza<br>Bandra Kurla Complex<br>Bandra (E)<br>Mumbai 400 051 |
| **Security code:** 532880 | **Symbol:** OMAXE |
| Fax No 022-22723121/2037/39/41/61 | Fax No 022-2659 8237/38 |

**Subject: Newspaper Advertisement of Notice of Board Meeting & update on closure of Trading Window**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copies of the Newspaper Advertisement in respect of Intimation of the Board Meeting scheduled to be held on February 12, 2021 and update on closure of trading window.

The aforesaid Newspaper Publications are also uploaded on Company's website i.e. www.omaxe.com.

You are requested to take the same on your records.

Thanking You.

**For Omaxe Limited**

For OMAXE LIMITED

Company Secretary

**Navin Jain**
**Company Secretary**

Encl: a/a

## संक्षेप में

### दीपक पारिख ने सेबी के साथ मामला निपटाया

एचडीएफसी लिमिटेड के चेयरमैन दीपक पारिख ने सेबी को 9.37 लाख रुपये का भुगतान कर मामला निपटा दिया है। यह मामला सूचीबद्धता करार का अनुपालन न करने से संबंधित था। पारिख ने निपटान शुल्क के तौर पर 9.37 लाख रुपये का भुगतान किया और अपनी तरफ से हुई चूक को न तो स्वीकार किया और न ही उससे इनकार किया। *एजेंसियां*

### एमऐंडएम का मुनाफा 6 फीसदी घटा

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा लिमिटेड (एमऐंडएम) ने शुक्रवार को बताया कि दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में उसका एकीकृत कर बाद का शुद्ध मुनाफा छह फीसदी घटकर 159.6 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कुछ चल रहे और कुछ बंद कर दिए गए अपने कारोबार से 170.69 करोड़ रुपये का एकीकृत कर बाद शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। इसमें कहा गया है कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन से होने वाली एकीकृत आय 21,625.95 करोड़ रुपये की हुई जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 19,430.29 करोड़ रुपये थी। *भाषा*

### टेक महिंद्रा ने नया सीएफओ नियुक्त किया

आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा ने शुक्रवार को मिलिंद कुलकर्णी को अपना नया मुख्य वित्तीय अधिकारी नामित किया। कुलकर्णी की नियुक्ति दो अप्रैल, 2021 से प्रभावी है और वह मौजूदा सीएफओ मनोज भट का स्थान लेंगे। भट ने एमऐंडएम समूह के समूह मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में नेतृत्व संभालेंगे जहां वेटेशन रणनीति के तहत होगा। टेक महिंद्रा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी सीपी गुरनानी ने कहा कि मनोज के साथ काम करने में खुशी की बात है, और मैं एमऐंडएम ग्रुप के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में अपनी नई भूमिका के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। *भाषा*

### लॉकहीड मार्टिन का एचएएल संग करार

अमेरिका की लॉकहीड मार्टिन ने शुक्रवार को भारत में औद्योगिक अवसरों की तलाश के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। लॉकहीड मॉर्टिन एयरोनॉटिक्स के कारोबारी विकास एकीकृत फाइटर समूह के उपाध्यक्ष जे आर मैकडॉनल्ड ने कहा, हम एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनियों में से एक एचएएल के साथ संभावित अवसरों का पता लगाने के लिए उत्साहित हैं। *भाषा*

# फ्यूचर-आरआईएल सौदे पर संकट

देव चटर्जी
मुंबई, 5 फरवरी

कारोबारी क्षेत्र के वकीलों का कहना है कि एमेजॉन-फ्यूचर कंपनियों की कानूनी लड़ाई अमेरिकी रिटेल कंपनी के शेयरधारकों के 24,000 करोड़ रुपये के लेन-देन में न सिर्फ देरी करा सकती है, बल्कि लेनदेन को पटरी से भी उतार सकती है।

फ्यूचर और एमेजॉन एक-दूसरे के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में मजबूत तर्क दे रहे हैं। कारोबारी क्षेत्र के वकीलों का कहना है कि सबसे बेहतर रास्ता एक दूसरे के साथ बातचीत करना है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि फ्यूचर समूह की कंपनियां दिवाला प्रक्रिया में न फंसे। कॉरपोरेट लॉ फर्म अलायंस लॉ के मैनेजिंग पार्टनर आरएस लोना ने कहा, 'एमेजॉन ने शेयरधारकों के अधिकारों से संबंधित कुछ मजबूत तर्क दिए हैं। किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, कोई एक भागीदार एकतरफा निर्णय नहीं ले सकता। यह अंततः शेल कंपनियों में एमेजॉन की हिस्सेदारी के परिणाम के रूप में सामने आएगा।'

2019 में, एमेजॉन ने फ्यूचर रिटेल की प्रमोटर इकाई फ्यूचर कूपन (एफसीपीएल) में 49 फीसदी हिस्सेदारी लगभग 1,500 करोड़ रुपये में हासिल की थी। लेकिन सौदे पर हस्ताक्षर करने के कुछ महीनों के बाद ही फ्यूचर को काफी नुकसान होने लगा और आखिरकार अगस्त 2020 में फ्यूचर समूह ने सभी समूह की कंपनियों को एक इकाई में विलय करने के बाद बनी फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड को आरआईएल से बेचने के लिए एक सौदा किया। एमेजॉन ने तब फ्यूचर को एक कानूनी नोटिस भेजा, जिसमें यह आरोप लगाया कि रिटेलर के सौदे में अमेरिकी ई-कॉमर्स फर्म के साथ किए गए समझौते को तोड़ा गया, जिससे इसे पहले इनकार का अधिकार (आरओएफआर) दिया। इसके बाद एमेजॉन ने सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) का रुख किया, और फ्यूचर ग्रुप द्वारा रिलायंस को कारोबार की बिक्री से संबंधित संविदात्मक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया। इस दौरान एसआईएसी ने एमेजॉन के पक्ष में आदेश पारित किया।




एकल न्यायाधीश पीठ द्वारा इस सौदे पर रोक लगाने के बाद यह मामला वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के पास लंबित है।

एक अन्य वकील का कहना है कि विभिन्न फ्यूचर ग्रुप कंपनियों ने अच्छे रिटर्न का आश्वासन देते हुए कई विदेशी निवेशकों से धन जुटाया। दूसरे वकील ने कहा, 'फ्यूचर ग्रुप, दूसरे शेयरधारकों के लिए शेल कंपनियां रखते हुए समूह की सभी कंपनियों का विलय नहीं कर सकती। अदालतों के लिए इस सौदे को स्पष्ट करना मुश्किल होगा क्योंकि विलय के कारण शेयरधारकों के अधिकारों को प्रभावित किया गया है।' इस तर्क के अलावा यह भी सही है कि इससे 25,000 के करीब नौकरियां खत्म हो जाएंगी। एक अन्य वकील ने कहा, 'जब तक एमेजॉन और फ्यूचर ग्रुप इस मामले को नहीं सुलझा लेते, तब तक सौदे का भविष्य अपने आप में असमंजस में है।'

भारत और सिंगापुर में ये अदालती प्रक्रियाएं चल रही हैं और लॉकडाउन के कारण समूह की तरलता स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई, जिससे समूह की कंपनियों की नगदी प्रवाह की क्षमता बाधित हुई है। फ्यूचर रिटेल ने अतिरिक्त कार्यशील पूंजी आदि को जारी करने के लिए आरबीआई पैकेज के अनुसार मोरेटोरियम के लिए ऋणदाताओं के पास आवेदन किया है। कुछ बैंकों ने पहले से ही अतिरिक्त कार्यशील पूंजी सीमाएं जारी कर दी हैं। कंपनी ने 6 अगस्त 2020 को जारी आरबीआई के दिशानिर्देशों के तहत वन टाइम रिस्ट्रक्चरिंग (ओटीआर) सुविधा के लिए ऋणदाताओं के पास भी आवेदन किया है।

**फ्यूचर समूह की कंपनियां**

| कंपनी | कुल बिक्री | पीबीआईडीटी | पीएटी |
|---|---|---|---|
| फ्यूचर रिटेल | 2,782 | 8 | -1,254 |
| फ्यूचर कंज्यूमर | 619 | -151 | -215 |
| फ्यूचर लाइफस्टाइल | 495 | -137 | -611 |
| फ्यूचर एंटरप्राइजेज | 417 | 192 | -577 |
| फ्यूचर सप्लाई | 200 | 11 | -124 |
| कुल | 4,514 | -77 | -2,782 |

स्रोत: कैपिटालाइन संकलनः बीएस रिसर्च
(आंकड़े: करोड़ रुपये में, वित्त वर्ष 2021 की पहली छमाही)

# सायंट बनाएगी दूरसंचार फर्मों के लिए सॉफ्टवेयर

**आईटी कंपनी टेक महिंद्रा, एल्टियोस्टार, राकुटेन जैसी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने को तैयार है**

सुरजीत दास गुप्ता
नई दिल्ली, 5 फरवरी

**बेंगलूरु स्थित** आईटी कंपनी सायंट लिमिटेड ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क (ओ-आरएएन) सॉफ्टवेयर बनाने के साथ साथ दुनियाभर में अपने 5जी नेटवर्कों की पेशकश की तैयारी कर रही दूरसंचार कंपनियों को सिस्टम इंटिग्रेशन सेवाएं मुहैया कराने की तैयारी में लग गई है।

इस कदम के साथ सायंट जल्द ही टेक महिंद्रा, अमेरिका स्थित स्टार्टअप एल्टियोस्टार (जापानी 5जी दूरसंचार कंपनी, राकुटेन द्वारा नियंत्रित) और रेडिसिस जैसी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। अमेरिका में रेडिसिस का अधिग्रहण रिलायंस जियो द्वारा किया गया था।

जियो ने भी कहा है कि उसने सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दोनों में 5जी नेटवर्क सॉल्यूशन मुहैया कराने की योजना बनाई है जिससे एरिक्सन, नोकिया और हुआवेई जैस पारंपरिक दूरसंचार उपकरण निर्माताओं के दबदबे के लिए चुनौती पैदा हो गई है। सायंट की रणनीति के बारे में जानकारी देते हुए कंपनी के अध्यक्ष एवं सीओओ कार्तिक नटराजन ने कहा, '5जी ओ-आरएएन से नए अवसर तैयार होंगे और हम सॉफ्टवेयर के साथ साथ सिस्टम इंटिग्रेटरों, दोनों में भागीदारी चाहते हैं। हम नेटवर्क इंजीनियरिंग को लेकर मजबूत हैं और दुनियाभर में करीब 40 दूरसंचार ऑपरेटरों के साथ काम कर रहे हैं। हम वायरलाइन, वायरलेस, और 5जी नेटवर्क पेशकश में विस्तार की दिशा में भी काम कर रहे हैं।'

नटराजन ने कहा कि कंपनी को इस क्षेत्र में अपनी कार्य योजना को अंतिम रूप देने में चुनौती का सामना करना पड़ा है, क्योंकि इसके लिए हार्डवेयर कंपनियों के साथ भागीदारी करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि सायंट अगले 12 महीने में इस सिस्टम को पेश करने में सक्षम होगी।

दूरसंचार कंपनियां 5जी पर जोर देने के लिए वैश्विक और भारतीय आईटी कंपनियों के साथ पहले से ही बातचीत कर रही हैं। उदाहरण के लिए, भारती एयरटेल ने अपना 5जी ओ-आरएएन सॉफ्टवेयर बनाने के लिए एल्टियोस्टार के साथ समझौता किया है। टेक महिंद्रा ने सिस्टम इंटिग्रेटर के तौर पर बीएसएनएल 4जी नेटवर्क के लिए बोली प्रक्रिया में दिलचस्पी दिखाई है। कंपनी का कहना है कि वह दुनियाभर की दूसंचार कंपनियों के साथ काम कर रही है और वह रिलायंस जियो के साथ भागीदारी के लिए भी स्वतंत्र है।

# जाइडस कैडिला का शुद्ध लाभ 41 प्रतिशत बढ़ा

विनय उमरजी
अहमदाबाद, 5 फरवरी

**भारतीय व्यवसाय** में दो अंक की वृद्धि की मदद से अहमदाबाद की दवा निर्माता कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड (जाइडस कैडिला) का समेकित शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में 41 प्रतिशत तक बढ़कर 527.2करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ पिछले साल की समान अवधि में 373.9 करोड़ रुपये था। परिचालन से समेकित राजस्व वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही में 6.20 प्रतिशत तक बढ़कर 3,753.7 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही में 3,534.5 करोड़ रुपये था। भारत में कंपनी के व्यवसाय में ह्यूमेन हेल्थ फॉर्मूलेशन, कंज्यूमर वेलनेस और एनिमल हेल्थ खंडों के लिए तिमाही के दौरान 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,643 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इसमें भारत में कंपनी के लिए ह्यूमेन हेल्थ फॉर्मूलेशन व्यवसाय 21 प्रतिशत तक बढ़ा, जबकि कंज्यूमर वेलनेस और एनिमल हेल्थ व्यवसायों में सालाना आधार पर 16 और 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# हीरो मोटोकॉर्प का शुद्ध लाभ 14 फीसदी बढ़ा

**देश की** सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 दिसंबर 2020 को समाप्त तीसरी तिमाही में 13.7 फीसदी बढ़कर 1,029.17 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 905.13 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। हीरो मोटोकॉर्प ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन अवधि में परिचालन से आय बढ़कर 9,827.05 करोड़ रुपये हो गई, जबकि 2019-20 की तीसरी तिमाही में यह 7,074.86 करोड़ रुपये थी।

इस दौरान एकल आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ साल भर पहले के 880.41 करोड़ रुपये से 23.17 फीसदी बढ़कर 1,084.47 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य वित्तीय अधिकारी निरंजन गुप्ता ने कहा, तीसरी तिमाही में हमारा प्रदर्शन चुनौतीपूर्ण और अस्थिर वातावरण के बावजूद कंपनी की परिचालन क्षमता व अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता को रेखांकित करता है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 65 रुपये प्रति शेयर अंतरिम लाभांश की सिफारिश की। *भाषा*

# मेड इन इंडिया डॉर्नियर विमान शामिल करेगी अलायंस एयर

**अलायंस एयर** मेड इन इंडिया डॉर्नियर 228 विमान शामिल करेगी और इसका इस्तेमाल उत्तर पूर्वी मार्ग पर किया जाएगा। एयर इंडिया की क्षेत्रीय इकाई अलायंस एयर ने विमान विनिर्माता हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं और इसके तहत 19 सीट वाले विमानों का ड्राई लीज होगा। इस करार पर आज बेंगलूरु में एयरो इंडिया कार्यक्रम में हस्ताक्षर हुए। अलायंस एयर डॉर्नियर 228 का इस्तेमाल यात्री विमान के लिए करने वाली पहली कंपनी होगी। एक बयान में यह जानकारी दी गई। अभी डॉर्नियर की उड़ान भारतीय वायु सेना भरती है। विमानन कंपनी की मुख्य कार्याधिकारी हरप्रीत ए डी सिंह ने कहा, यह इन विमानों के लिए भारतीय वायु सेना व कोस्ट गार्ड के पायलटों की नियुक्ति करेंगे और इसके रखरखाव के लिए एचएएल व एयर इंडिया के इंजीनियरिंग डिविजन पर निर्भर रहेंगे। हमारा ध्यान पूर्वोत्तर को जोड़ने पर है। *बीएस संवाददाता*


ओरटेल कम्युनिकेशन्स लिमिटेड
(सीआईआरपी के अधीन)
CIN: L74899DL1995PLC069353
पंजीकृत कार्यालयः बी7/122ए, सफदरजंग एनक्लेव, नई दिल्ली-110029
कॉरपोरेट कार्यालयः सी-1, चंद्रशेखरपुर, आरएमआरसी के पीछे, बीडीए कॉलोनी के निकट, भुवनेश्वर, ओड़िशा-751016
ईमेल आईडीः bidu.dash.ortelgroup.com
वेबसाइटः www.ortelcom.com
दूरभाषः 0674-7107200 फैक्सः 0674-2303448

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 29 के साथ पठित विनियमन 47 के प्रावधान के अनुपालन के तहत 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही तथा नौ महीने के लिए कंपनी के अनांकेक्षित वित्तीय परिणामों (एकल एवं समेकित) के साथ विविध विषयों तथा अन्य कार्यसूची मदों पर विचार, अनुमोदन तथा रिकार्ड ग्रहण करने के लिए कंपनी के समाधान पेशेवर की बैठक शुक्रवार, 12 फरवरी, 2021 को आयोजित होगी।
इस सूचना के साथ संलग्न जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.ortelcom.com तथा स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com एवं बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।
कृते ओरटेल कम्युनिकेशन्स लिमिटेड (सीआईआरपी के अधीन)
दिनांक : 05 फरवरी, 2021
स्थान : भुवनेश्वर
हस्ता/-
सीएफओ एवं कंपनी सचिव
श्री श्रीगोपाल चौधरी ("आरपी"), पंजीयन सं. IBBI/IPA-001/IP-P01238/2018-2019/11893 के अनुमोदन पर जारी।
(ओरटेल कम्युनिकेशन्स लिमिटेड दिवालिया एवं ऋण अशोधन संहिता, 2016 के तहत निगमित दिवालिया समाधान प्रक्रिया के अधीन है। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण द्वारा संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत दिनांक 01 फरवरी, 2019 को जारी आदेश पर नियुक्त समाधान पेशेवर श्री श्रीगोपाल चौधरी इसके कामकाज, व्यवसाय तथा सम्पत्तियों का प्रबंधन कर रहे हैं।)



MIRZA INTERNATIONAL LIMITED
CIN : L19129UP1979PLC004821
Regd. Off. : 14/6, Civil Lines, Kanpur - 208001
website : www.mirza.co.in ;
e-mail : priyanka.pahuja@redtapeindia.com
Tel. : +91 512 2530775

NOTICE

Pursuant to the provisions of Regulation 29 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that 4th Meeting for the Financial Year 2020-2021 of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, 12th February, 2021 at the Corporate Office at A-7, Mohan Cooperative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110044 at 11:00 A.M., to consider and approve, inter alia, Standalone and Consolidated Un-audited Financial results together with segment wise revenue, results and capital employed for the third quarter and nine months ended 31st December, 2020.
The information contained in this notice is also available on the Company's website at www.mirza.co.in and on the website of the Stock Exchanges where the shares of the Company are listed viz. www.bseindia.com and www.nseindia.com.
For Mirza International Limited
(Priyanka Pahuja)
Company Secretary & Compliance Officer
Date: 05.02.2021
Place: New Delhi
REDTAPE



ग्लोबल वेक्ट्रा हेलीकॉर्प लिमिटेड
CIN. L62200DL1998PLC093225
पंजीकृत कार्यालयः ए-54, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली-110048
ई-मेलः raakesh@gvhl.net, वेबसाइटः globalhelicorp.com
भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन अनिवार्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमावली, 2015 (सूचीयन विनियम) के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसार, सूचना प्रदान की जाती है कि, अन्य बातों के साथ साथ 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए कंपनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार हेतु कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 12 फरवरी, 2021 को आयोजित की जायेगी।
इसके अतिरिक्त, इनसाइडर ट्रेडिंग के निषेध के लिए कंपनी की आचार संहिता के अनुसार, कंपनी के प्रतिभूतियों के लेनदेन हेतु ट्रेडिंग विन्डो सभी नामित व्यक्तियों (कोड में निर्धारित) के लिए 01 जनवरी, 2021 से कंपनी के वित्तीय परिणामों की घोषणा के 48 घंटे बाद तक बंद रहेगी।
कथित सचना कंपनी की वेबसाइट http://www.globalhelicorp.com से प्राप्त कर सकते है तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट http://www.bseindia.com और http://www.nseindia.com से भी प्राप्त कर सकते है।
कृते ग्लोबल वेक्ट्रा हेलीकॉर्प लिमिटेड
हस्ता/-
राकेश सोनी
कंपनी सचिव
स्थानः दिल्ली
तिथिः 05 फरवरी, 2021



CANTABIL
कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः बी-16, ग्राउंड फ्लोर, लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110035
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन): L74899DL1989PLC034995
फोनः 91-11-27156381/82, टेलीफैक्सः 91-11-27156383,
ई-मेलः investors@cantabilinternational.com
वेबसाइटः www.cantabilinternational.com

सूचना

कंपनी एतद्द्वारा सूचित करती है कि निदेशक मंडल ने शुक्रवार, 5 फरवरी, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में कंपनी के रु. 10/- (रुपए दस मात्र) प्रत्येक अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर पर रु. 1/- (एक रुपए मात्र) प्रति शेयर अर्थात @10% के अंतरिम लाभांश की घोषणा की है। अंतरिम लाभांश घोषणा की तिथि से 30 दिनों के भीतर उन शेयर धारकों को भुगतान किया जाएगा जिनके नाम इस प्रयोजन के निर्धारित रिकार्ड तिथि अर्थात् सोमवार, 15 फरवरी 2021 को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में शामिल होगा।
कृते कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
पूनम चहल
कंपनी सचिव सह प्रमुख-कानूनी
तिथिः 06 फरवरी, 2021
स्थानः नई दिल्ली


# एक व्यक्ति वाली कंपनी को उद्यमिता में मदद

समरीन अहमद
बेंगलूरु, 5 फरवरी

**विश्लेषकों का** कहना है कि बजट 2021-22 के प्रस्ताव से वन-पर्सन कंपनी (ओपीसी) के निर्माण को अनुमति मिलेगी और इससे उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। ओपीसी बोर्ड बैठकों और वित्तीय विवरण को शामिल किए जाने जैसी समय लगने वाली और उबाऊ प्रक्रियाओं की जरूरत दूर करती है।

स्पेशलिस्ट टेक्नोलॉजी लॉ फर्म टेकलीगिस एडवोकेट्स ऐंड सॉलिसिटर्स में मैनेजिंग पार्टनर सलमान वारिस ने कहा, 'नए बदलावों से भारत में संभवतः 200,000 कंपनियों को फायदा हो सकेगा और उनकी अनुपालन जरूरतें आसान होंगी। मौजूदा व्यवस्था की पिछली सीमा के तहत ओपीसी को प्राइवेट या पब्लिक लिमिटेड कंपनी में तब्दील करने का मतलब है कंपनी के व्यापार और कार्य प्रणालियों पर व्यापक सीमाएं लगना।'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में ओपीसी की स्थापना को प्रोत्साहित किए जाने की घोषणा की थी। इस तरह की कंपनियों को चुकता पूंजी और कारोबार पर किसी सीमा के बगैर कारोबार करने की अनुमति दी गई है, साथ ही उन्हें किसी भी समय किसी अन्य तरह की कंपनी में तब्दील होने की अनुमति भी दी गई है। उद्यम ऋण प्लेटफॉर्म ब्लैकसोइल के सह-संस्थापक एवं निदेशक अंकुर बंसल ने कहा, 'चूंकि इस तरह की कंपनी अपने मालिक से अलग है, शेयरधारकों और निदेशकों की व्यक्तिगत परिसंपत्तियां चूक की स्थिति में सुरक्षित बनी रहती है।'


OMAXE
Turning dreams into reality
ओमेक्स लिमिटेड
(CIN: L74899HR1989PLC051918)
पंजी. कार्यालयः शॉप नंबर 19-बी, पहली मंजिल, ओमेक्स सेलिब्रेशन मॉल, सोहना रोड, गुरुग्राम -122001, हरियाणा
कार्पोरेट कार्यालयः ओमेक्स हाउस, 7, एलएससी, कालकाजी, नई दिल्ली -110019
फोनः +91-11-41896680-85
फैक्सः +91-11-41896799
वेबसाईटः www.omaxe.com
ईमेलः secretarial_1@omaxe.com

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के नियम 47 के साथ पठित नियम 29 के अनुसार अन्य विषयों के साथ-साथ 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए लेखापरीक्षा समिति की सिफारिश पर जो उसी दिन होने वाली अपनी बैठक में विचार करेगी और समीक्षा करेगी, कंपनी के अंनकेक्षित (स्टैंडअलोन और समेकित) परिणामों पर विचार, अनुमोदन और रिकार्ड पर लेने हेतु, कंपनी की लेखा परीक्षा समिति और निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 12 फरवरी, 2021 को नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी।
साथ ही सेबी (पीआईटी) विनियामली, 2015 के लागू नियमों के अनुसार कंपनी के इक्विटी शेयरों में लेन-देन के लिए "ट्रेडिंग विंडो" परिपत्र सं. LIST/COMP/01/2019-20 और NSE/CML/2019-11 द्वारा कमशः बीएसई और एनएससी के स्पष्टीकरण के साथ और कंपनी की आचार संहिता के अनुसार 31 दिसम्बर, 2020 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए एकल और समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों में प्रस्तुत करने के 48 घंटों के बाद 1 जनवरी, 2021 से बन्द कर दिया गया। यह कंपनी के सभी पदनामित व्यक्ति(ओं) को भी सूचित किया गया था।
इसलिए, उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए ट्रेंडिग विंडो रविवार, 14 फरवरी, 2021 को व्यवसायी अवधि तक बन्द रहेगी।
यह सूचना कंपनी की वेबसाइट www.omaxe.com और स्टॉक एक्सचेंजो जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध है, की वेबसाइटों अर्थात www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।
कृते ओमेक्स लिमिटेड
हस्ता.
(रोहतास गोयल)
चैयरमेन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर
दिल्ली
05.02.2021


# नायरा के पेट्रोल पंप की संख्या 6,000 के पार

त्वेष मिश्र
नई दिल्ली, 5 फरवरी

**पूरे देश में** अब नायरा एनर्जी के ईंधन रिटेल आउटलेटों (आमतौर पर पेट्रोल पंप के नाम से चर्चित) की संख्या 6,000 से ज्यादा हो गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'पिछले पांच वर्षों के दौरान, कंपनी के ईंधन रिटेल आउटलेटों की संख्या बढ़कर तीन गुनी हो गई है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में करीब 600 रिटेल आउटलेट जोड़े। अक्टूबर 2020 से नायरा एनर्जी ने नायरा ब्रांड के तहत नए रिटेल आउटलेट शुरू किए हैं और वह देश में 200 से ज्यादा आउटलेटों की शुरुआत पहले ही की जा चुकी है।'

नायरा एनर्जी के मुख्य कार्याधिकारी बी आनंद ने इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 'वित्त वर्ष 2019-2020 में, रिटेल व्यवसाय ने सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि हासिल की। नायरा एनर्जी का मकसद रिटेल नेटवर्क की मजबूत वृद्धि को बरकरार रखना और वर्ष 2024 के अंत तक रिटेल आउटलेटों की संख्या बढ़ाकर 7,600 करने का लक्ष्य रखा है। हम पेट्रोल और डीजल के लिए घरेलू मांग वर्ष 2021 की पहली छमाही तक कोविड-पूर्व स्तर पर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं।' नायरा एनर्जी के मुख्य विपणन अधिकारी स्टीफन ब्रेयेर ने कहा, 'चूंकि पूरे भारत में निजी ईंधन रिटेल नेटवर्क तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए, हम मोबिलिटी और कन्वेनिंस की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपना ग्राहक अनुभव खास बनाने पर ध्यान दे रहे हैं।' कंपनी ने कहा है कि उसके ईंधन रिटेल आउटलेट ग्राहक-केंद्रित सेवाओं और सुविधाओं से संपन्न हैं जिनमें क्विक ल्यूब चेंज सर्विस, नाइट्रोजन फिलिंग फैसिलिटिज, गुणवत्ता वाला पेयजल, डिजिटल पेमेंट ऑप्शन और मल्टी-स्पेशियल्टी कस्टमर सर्विस सेंटर शामिल हैं। अपने फ्लीट ग्राहकों के लिए कंपनी फ्लीट प्लस की पेशकश करती है, जो भारत का पहला डिजिटल लॉयल्टी प्रोग्राम है।


NIT, Govt. of West Bengal
Tender is hereby invited by the Executive Engineer, PWD, Kolkata IT Division, Main Block, Ground Floor, Writers' Buildings, Kolkata -700001 from the eligible contractors for the following works. Name of Work : "Providing Recharge of DTH (Direct to Home) TATA SKY TV Service (Direct Board Cast Satellite Television) with full HD and Non HD Mega Packs at Banga Bhawan and VVIP Guest House (Bangla Bhawan, Chanakyapuri) at New Delhi (For the period of 12 months) [Job No.: KIT/RW/95 of 20-21]" e-TENDER No. WBPWD/EEKIT/E-NIT-077/T/20-21. Tender ID: 2021_WBPWD_323930_1. Bid Submission Closing : 22.02.2021 up to 03:00 pm. For details information/ downloading / uploading etc. may visit the Website:- https://wbtenders.gov.in. Corrigendum or Addendum if issued will be published only on website.
Sd/-
Executive Engineer, PWD
Kolkata IT Division



पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !
प्रधान कार्यालय, प्लाट सं.- 4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली-110075 (ईमेलः hosd@pnb.co.in)

असाधारण आम बैठक एवं निर्दिष्ट/अंतिम तिथि की सूचना

पंजाब नैशनल बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियमावली, 2000, यथा संशोधित और अन्य लागू विधियों/दिशानिर्देशों के अनुसार, एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1969 की धारा 9(3)(i) के प्रावधानों के अनुसार केंद्र सरकार के अलावा अन्य शेयरधारकों में से पंजाब नैशनल बैंक के **एक** निदेशक का चुनाव आयोजित करने हेतु बैंक के शेयरधारकों की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो-विजुअल (ओएवीएम) के माध्यम से **बुधवार 17 मार्च, 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे (भारतीय मानक समय)** आयोजित किया जाना तय किया गया है।
बैंक ने उपर्युक्त चुनाव में भाग लेने (नामांकन करने, चुनाव में भाग लेने और मतदान करने हेतु) पात्र शेयरधारकों की सूची निर्धारित करने के उद्देश्य से **शुक्रवार, 19 फरवरी, 2021** को **निर्दिष्ट/अंतिम तिथि** के रूप में निर्धारित किया है।
एमसीए परिपत्र संख्या 33/2020 दिनांक 28.09.2020, 22/2020 दिनांक 15.06.2020, 17/2020 दिनांक 13.04.2020 और 14/2020 दिनांक 08.04.2020 के साथ पठित एमसीए सामान्य परिपत्र संख्या 39/2020 दिनांक 31.12.2020 के अनुपालन में, ईजीएम की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी शेयरधारकों को भेजी जाएंगी, जिनके ईमेल पते बैंक/निक्षेपागार सहभागी(यों) के साथ पंजीकृत हैं। जो शेयरधारक अमूर्तीकृत रूप में शेयर रखते हैं तथा जिनके ई-मेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने निक्षेपागार सहभागियों के माध्यम से अपने संबंधित निक्षेपागार के साथ अपना ईमेल पता और मोबाइल नंबर पंजीकृत करें। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपनी धारिता को अमूर्तीकृत करें/अपने ईमेल पते और मोबाइल नंबर बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट मैसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा) लिमिटेड को beetal@beetalfinancial.com पर प्रदान करें।
चुनाव के लिए बैठक की विस्तृत सूचना प्रासंगिक प्रपत्रों के साथ उचित समय पर जारी की जाएगी और बैंक की वेबसाइट अर्थात् www.pnbindia.in एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों अर्थात् क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध करवा दी जाएगी।
शेयरधारकों के पास इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (ईजीएम के दौरान दूरस्थ/ई-वोटिंग और ई-वोटिंग) द्वारा ईजीएम पर किए जाने वाले लेनदेन व्यवसाय के संबंध में मतदान करने के अपने अधिकार को उपयोग में लाने की सुविधा होगी। अमूर्तीकृत रूप में, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों और जिन शेयरधारकों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, को मतदान करने का तरीका सूचना में प्रदान किया जाएगा। इसका विवरण बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे इस तरह के विवरण प्राप्त करने के लिए www.pnbindia.in पर जाएं।
**शेयरधारक कृपया नोट करें कि उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसार, बैंक शेयरधारकों को ईजीएम की सूचना की भौतिक प्रतियां नहीं भेजेगा।**
निदेशक मंडल के आदेश से
कृते पंजाब नैशनल बैंक
(एकता पसरीचा)
कंपनी सचिव
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 05.02.2021



बिज़नेस स्टैंडर्ड
दिल्ली संस्करण
बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा.) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ. प्र. से मुद्रित एवं नेहरु हाउस, 4 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित
संपादकः कैलाश नौटियाल
आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57007 पर एसएमएस करें SUB BS



डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए।
मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।
कोई हवाई अधिभार नहीं

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India**

**2/2A, Laxmi Insurance Building, Asaf Ali Road, New Delhi-110002.**

**POSSESION NOTICE [Appendix IV under the Act-Rule-8(1)]**

Whereas, the undersigned being the authorised officer of the Union Bank of India under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act. 2002 and in exercise of power conferred under sec 13(2) read with the rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued a demand notice no. OR/CB/AAR/13/2/CHOME/160004 dated 06.03.2018 calling open the borrower/surety/owner of the property, **Mrs. Alka Verma, Mr. Shailender Verma, Mr. Parnay Verma** to repay the amount mentioned in the notice being **Rs. 40,24,234.50 (Rs Forty Lacs Twenty Four Thousand Two Hundred Thirty Four and Paisa Fifty Only) together with further interest thereon at the contractual rate plus costs, charges and expenses till date of payment** within 60 days from date of the said notice.

The borrower/surety/owner of the property has failed to repay the amount. Notice is hereby given to borrower/surety/owner of the property and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of power conferred on him/her under sub-section (4) of section 13 of the Act read with rule 8 of the Security (Enforcement) Rules, 2002 on this the **01st Day of February 2021.**

The borrower's attention is invited to the provisions of sub-section (8) of section13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

The borrower/surety/owner of the property in particular and the public in general are hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to charge of the **UNION BANK OF INDIA, 2/2A, Laxmi Insurance Building, Asaf Ali Road, New Delhi-110002.**

**DESCRIPTION OF THE PROPERTY**

**Flat No.111, 1st Floor, Golf Vista Apartments, Alfa II, Greater Noida, U.P.-201308**

**Date : 01-02-2021 Place : Noida Authorised Officer, UNION BANK OF INDIA**

**Government of Jammu & Kashmir**

**Directorate of Forensic Science Laboratory, J&K, Jammu**

**Phone/ Fax No. 0191-2435249 e-mail: dirfsljk@jkpolice.gov.in**

**e-NIT No. 10 of 2021**

**Dated: 02.02.2021**

For and on behalf of the Lt. Governor, UT of J&K, e-Tenders, under two bid system, are invited from the manufacturers, suppliers, firms dealing in crime scene kits of different types for supply of the Crime Scene Kits to the Directorate of Forensic Science Laboratory, J&K, as per the Bill of Quantities annexed with the detailed tender document hosted on the Jammu & Kashmir Government's e-Procurement Portal, "**jktenders.gov.in**". The detailed Bid Document and BOQ with complete specifications can be viewed and downloaded from the tendering portal **jktenders.gov.in**. The tender details are as mentioned below-

**1. Date of issue of the tender Notice :-** 02.02.2021, **2. Date of Start of download of Bid Document :-** 02.02.2021 from 4:00 p.m, **3. Online Clarification start Date:-** From 03.02.2021 (10.00 am) to 06.02.2021 up to 02:00 pm., **4. Date of Pre-Bid Meeting :-** 08.02.2021 at 01:00 pm in the office of Director, FSL, J&K, Jammu, **5. Online Bid Submission start Date :-** 09.02.2021 at 11.00 Noon, **6. Online Bid Submission End Date :-** 22.02.2021 till 1.00 Pm, **7. Date and time of opening of Technical Bids :-** 24.02.2021 at 2.00 PM in the office of Directorate, FSL, J&K, Jammu, **8. Date of opening of Financial bids :-** Shall be communicated after the opening and evaluation of technical bids of the successful Bidder.

The interested bidders are advised to periodically visit the aforesaid portal to see if any amendments to the tender have been made and if made, the said amendment shall form part of this tender.

**No:DIP/J-11101/20**
**Dated: 05.02.2021**

**Sd/- Director,**
**Forensic Science Laboratory J&K, Jammu**

**MADHYA PRADESH WAREHOUSING & LOGISTICS CORPORATION**

M.P.W.L.C.

**Head Office : Office Complex, Block "A" Gautam Nagar, Bhopal, Contact No. : 0755-2600509, 2600510**

**No./MPWLC/2020-21/6220 Bhopal, Dated : 05.02.2021**

**NOTICE INVITING TENDER**

MPWLC invites online bids to appoint a Service Provider for Preservation, Maintenance and Security (PMS) of food grain stocks (Wheat, Paddy & other notified commodity) on Open CAP for a period of Two year with a provision for further One more year extension based on performance of the Service Provider and at the discretion of MPWLC. Different 8 Group which is mentioned in details NIT displayed on **http://www.mpwarehousing.com** and available for purchase of tender document and participation in NIT can be obtained from **http://www.mptenders.gov.in.** The cost of document Rs. 11800/- (including GST). The earnest money for each group Rs. 10,00,000/- (Ten Lakh) should be submitted online. Scanned copy of EMD should be uploaded online along with the reference details. The Pre-bid meeting is scheduled on 16.02.2021 at 11:30 hours in the Head office, Bhopal. For any further details/Revision/Amendments please visit above sites. The online tenders are invited up to dated 26.02.2021 17.00 hours on **http://www.mptenders.gov.in**. MPWLC reserves the right to increase/decrease/Cancel/withdraw any or all the location or tender of the District without assigning any reason and shall bear no liability whatsoever consequent upon such a decision.

M.P. Madhyam/99836/2021 **MANAGING DIRECTOR**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

GWELD

**GEE Limited**

**CIN :** L99999MH1960PLC011879
**Registered Office :** Plot No E-1, Road No. 7, Wagle Industrial Estate, Thane-400604
**Website :** www.geelimited.com **Email :** Shares@geelimited.com
**Telephone :** +91 22 25820619, **Fax:** 02522-281199

**NOTICE** is hereby given that pursuant to Regulation 47 read with Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Friday, February 12, 2021, inter alia to consider and approve the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter ended December 31, 2020.

This notice is also available on Company's website **www.geelimited.com** and on the website of stock exchange **www.bseindia.com.**

By order of the Board
For **GEE Limited**
sd/-
**Shivani Sharma**

Date : February 6, 2021 **Company Secretary and Compliance Officer**

**Rameshwar Media**

**OMAXE**
*Turning dreams into reality*

**OMAXE LIMITED**
**(CIN:** L74899HR1989PLC051918)
**Regd. Office:** Shop No.19- B, First Floor, Omaxe Celebration Mall, Sohna Road, Gurugram-122001, Haryana
**Corp. Office:** Omaxe House, 7, LSC, Kalkaji, New Delhi-110019
**Tel:** +91-11-41896680-85
**Fax:** +91-11-41896799
**Website:** www.omaxe.com
**Email:** secretarial_1@omaxe.com

**NOTICE**

NOTICE is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 and other relevant Regulations of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the meeting of Board of Directors of the Company will be held on Friday, the 12th day of February, 2021 at New Delhi, to consider and approve, inter-alia, the Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) of the Company for the Quarter and Nine Months ended on December 31, 2020 at the recommendation of the Audit Committee which will consider and review the same at its meeting scheduled to be held on the same day.

Further, pursuant to SEBI (PIT) Regulations, 2015 read with BSE & NSE clarification vide Circular no. LIST/COMP/01/2019—20 and NSE/CML/2019/11 respectively and in accordance with Company's Code of Conduct, the "Trading Window" for dealing in Equity Shares of the Company was closed from January 01, 2021 till 48 hours after the submission of Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results to the Stock Exchanges for quarter & nine months ended on December 31, 2020. The same was also intimated to all the Designated Person(s) of the Company.

Hence, in view of above, the trading window shall remain closed till Sunday, 14th day of February, 2021.

This notice is also available on Company's website i.e. www.omaxe.com and on websites of the Stock Exchange(s) i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com, where the Equity Shares of the Company are Listed.

**For Omaxe Limited**

**Sd/-**
**(Rohtas Goel)**

**New Delhi**
**05.02.2021** **Chairman & Managing Director**

# Ministry of Food Processing Industries

## Government of India

**Financial Assistance to set up Mega Food Park**
**Under**
**PRADHAN MANTRI KISAN SAMPADA YOJANA**

**INVITATION OF PROPOSALS**

Proposals/Expression of Interest (EOI) are invited from potential promoters/investors for setting up Mega Food Parks under the Mega Food Park Scheme (MFPS) of PRADHAN MANTRI KISAN SAMPADA YOJANA (PMKSY) in the country for providing modern infrastructure facilities for food processing along the value chain from farm to market.

The willing promoters/investors may submit their proposals online only through the portal i.e. http://sampada-mofpi.gov.in/mfp/login.aspx as per the Mega Food Park Scheme Guidelines dated 21.07.2016.

**Last date for submission of application is 03.03.2021 by 5:00 PM.**

For detailed operational guidelines of the scheme, Expression of Interest (EoI), requirement of EMD etc. Ministry's website: **www.mofpi.nic.in** may be visited.

For clarifications, if any, please contact on Tel No. 011-26406547. Email: mfp-mofpi@gov.in

@MOFPI_GOI @MOFPIIndia

DAVP 16101/11/0008/2021

HAVE A GOOD

BUSINESS

MORNING!

Business Standard newspaper
delivering safely to homes and offices

For details, SMS **reachbs** to **57575** or email **order@bsmail.in**

Business Standard
Insight Out

bsindia bsindia business-standard.com